हरिभूमि
# भिवानी-दादरी भूमि
रोहतक, शनिवार 21 मार्च 2026

11 चेयरमैन राणा ने प्रशिक्षण शिविर में कार्यकर्ताओं ...



12 समाज की एकजुटता से हुआ विक्रम उदय...









## दयनीय हालत: उखड़ी रोड़ियों से दुपहिया वाहन चालक हो रहे चोटिल व वाहन क्षतिग्रस्त

### अधिकारियों की मिलीभगत से ठेकेदार कर रहे कार्यों में लीपापोती

# गड्ढ़ों में अस्तित्व खो रही पॉश क्षेत्र सेक्टर की ज्यादातर सड़कें

सेक्टर 13





राकेश भटठी ▶▶| भिवानी

केंद्र व प्रदेश सरकार सड़कों का जाल बिछाकर गांवों को शहरों की तरह सुविधाएं देकर उन्हें हाइवे से जोड़ रही हैं। जनप्रतिनिधियों के अनुसार जनसुविधाओं के लिए सरकार के खजाने भरे हुए हैं और रुपयों की कोई कमी नहीं हैं, लेकिन जिला प्रशासन की सख्ती नहीं होने और विभाग के अधिकारियों की मिलीभगत के चलते ठेकेदार कार्यों में महज लीपा-पोती कर रहे हैं, जो सरकारी खजाने पर डाका एवं जनता का हक मारने के समान हैं, जिसका प्रत्यक्ष उदाहरण पॉश इलाका सेक्टर की सड़कें हैं। सेक्टर की सड़कों की हालत इतनी दयनीय हैं कि गड्ढों के बीच सड़क अपना अस्तित्व ही खो चुकी हैं।

शहर की सड़कों के निर्माण के लिए सरकार ने करोड़ों रुपये की ग्रांट जारी की है, ताकि सड़कों एवं चौक चौराहों का नवनिर्माण हो, जिससे शहर के सौंदर्यीकरण का चार चांद लग सकें, लेकिन जिला प्रशासन की बेरूखी के कारण एवं विभाग के अधिकारियों की मिलीभगत एवं लापरवाही के कारण जनता खामियाजा भुगत रही हैं। शहर की पॉश कॉलोनी सेक्टर 13 व 23 की सड़कों की हालत इतनी दयनीय हैं कि सड़कों में एक से डेढ़ फुट तक गहरे गड्ढे बने हैं, जिनमें सड़कों का अस्तित्व ही नजर नहीं आता। इन सड़कों पर चलते समय एक पल की चूक आपकी जान जोखिम में डाल सकती हैं। सड़क पर चलते चलते एक पल से अगले पल आप किसी गहरे गड्ढे में गिरकर चोटिल हो सकते हैं या फिर जान से भी हाथ धो सकते हैं। सड़कों की दयनीय स्थिति के पीछे कोई और नहीं, बल्कि विभाग के अधिकारी एवं ठेकेदार हैं, जो सड़कों के निर्माण में घटिया सामग्री का प्रयोग करते हैं, जो कुछ समय में ही टूट जाती हैं। सड़कों की दयनीय स्थिति देखकर आप गांवों में रहना पसंद करेंगे, क्योंकि आपको सड़क कम और गड्ढे ज्यादा नजर आएंगे। सड़क में बने गड्ढों एवं निकली रोड़ियों के कारण अक्सर दुपहिया वाहन चालक चोटिल हो रहे हैं और वाहन बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो रहे हैं। पॉश इलाका में रहने की ख्वाहिश लेकर सेक्टर में मकान लेने वाले अब खुद हो कोश रहे हैं। सेक्टर में कभी उन्हें सड़कों की समस्या, कभी पेयजल, सीवरेज व बरसाती पानी की निकासी की समस्या से जूझना पड़ता हैं। सड़कों की समस्या की ओर जिला प्रशासन व नगर परिषद प्रशासन को विशेष ध्यान देने की जरूरत हैं कि निर्माण कार्यों में उत्तम क्वालिटी की सामग्री का प्रयोग हो, ताकि जनता को परेशानियों से निजात मिले।

#### जल्द टेंडर लगाकर बनाई जाएगी मास्टिक सड़क : भवानी

सेक्टर में सीवरेज, पानी, पार्कों व सड़कों पर करोड़ों रुपये की खर्च किए गए हैं और कुछ सड़कों का काम बाकि हैं, जिनका जल्द टेंडर लगाया जाएगा। टेंडर प्रक्रिया पूरी कर ली गई हैं। सेक्टर की सड़के तारकोल, कंक्रीट, क्रेशर व कैमिकल से तैयार मास्टिक से बनाई जाएगी, जिसके बाद लोगों को आवागमन में किसी प्रकार की परेशानी नहीं होगी। मास्टिक से सड़क बनने के बाद लोगों को लम्बे समय तक राहत मिलेगी। - भवानी प्रताप सिंह, चेयरपर्सन प्रतिनिधि, नगर परिषद भिवानी।

■ सड़कों की हालत देखकर आता है रोना

#### गांव से भी बदतर बनी जिंदगी, शहर का बुखार उतरा

सेक्टर निवासी बजरंगलाल, जितेंद्र, चांदराम, रमेश कुमार व संदीप आदि ने बताया कि सेक्टर में अनेक समस्याएं मुंह बाएं खड़ी हैं, जो क्षेत्रवासियों को अपने गलत फैसले पर बार बार सोचने पर मजबूर करता हैं। सेक्टरवासियों का कहना हैं कि सेक्टर की सड़कों को देखकर एक तरह से रोना आता हैं कि आखिर हम सड़क में बने गड्ढों पर चल रहे हैं या फिर गड्ढों में बनी सड़क पर, जिन पर चलना एक तरह से खतरे से कम नहीं हैं। गड्ढों को देखकर तो वाहन चलाने तक का मन नहीं करता, क्योंकि एक तो वाहन क्षतिग्रस्त होने का भय और दूसरा हादसे में चोटिल होने का अंदेशा मन को दुःखी करता हैं।

## रोडवेज के हैप्पी कार्ड रिचार्ज हो रहे ऑटोमेटिक : एसडीएम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| तोशाम



#### भिवानी डिपो में 91,448 लोगों के बने हैं कार्ड

तोशाम सब डिपो के डीआई कर्मवीर भाकर ने बताया कि भिवानी डिपो में 91448 लोगों के, तोशाम सब डिपो में फिलहाल 31025 लोगों के और लोहारू सब डिपो में 30419 लोगों के हैप्पी कार्ड बनाए गए हैं। सब डिपो में मंगलवार को लाभार्थियों को रिचार्ज किए गए हैप्पी कार्ड दिए जाएंगे।

एसडीएम प्रदीप अहलावत ने कहा कि हरियाणा रोडवेज में गरीबों को फ्री में यात्रा करने के लिए मुख्यमंत्री नायब सिंह द्वारा नायाब तौफा दिया गया है। एसडीएम ने कहा कि गरीब परिवारों के हैप्पी कार्ड ऑटोमेटिक रिचार्ज होने शुरू हो गए हैं।

जीएम रोडवेज दीपक कुंड ने कहा कि वर्ष 2024 मार्च में प्रदेश सरकार ने मुख्यमंत्री नायब सिंह के नेतृत्व में गरीबों के लिए प्रदेश में एक अनूठी पहल शुरू करके हैप्पी कार्ड योजना शुरू की गई थी। उन्होंने कहा कि हैप्पी कार्ड रिचार्ज होना शुरू हो चुके हैं।

**यह है योजना** : प्रदेश सरकार ने एक लाख रुपये तक की आय वाले परिवारों के लिए हरियाणा रोडवेज में निःशुल्क यात्रा देने की योजना शुरू की थी। इसके तहत जिले के करीब एक लाख 52 हजार 892 लोगों को लाभ मिलना शुरू किया गया था। बस अड्डा परिसर स्थित कार्यालय में लाभार्थियों के हैप्पी कार्ड रखे हुए हैं। हैप्पी कार्ड के रिचार्ज होने की सूचना परिचालकों की ओर से मिली है। इसमें लाभार्थी परिवार रोडवेज की सामान्य बसों में सालाना एक हजार किलोमीटर फ्री में हरियाणा रोडवेज की बसों यात्रा का लाभ दिया जा रहा है।

जीएम दीपक कुंड ने बताया कि हैप्पी कार्ड बनवाने के लिए सबसे पहले आवेदक को हरियाणा रोडवेज की आधिकारिक वेबसाइट पर जाना होगा। इसके बाद आवेदन को एप्लाई हैप्पी कार्ड के ऑप्शन पर क्लिक करना होगा। फिर इसके बाद परिवार पहचान पत्र का नंबर दर्ज कर कैप्चा कोड भरना होगा। अब आधार कार्ड में रजिस्टर नंबर पर आए ओटीपी को दर्ज कर वेरीफाई करना होगा। अब अप्लाई पर क्लिक करना होगा। इस प्रकार हैप्पी कार्ड के लिए आपकी आवेदन प्रक्रिया पूरी हो जाएगी। आवेदन करने के 15 दिन बाद आप अपने नजदीकी रोडवेज कार्यालय में जाकर हैप्पी कार्ड हासिल कर सकते हैं।

एक हजार किलोमीटर तक मुफ्त सफर एक वर्ष तक कर पाएंगे। लाभार्थी परिवारों को एक स्मार्ट कार्ड बनाकर दिया गया है। इस कार्ड के माध्यम से ही लाभार्थी हरियाणा रोडवेज की बसों में सफर तय कर पा रहे हैं। यह रोडवेज में परिचालकों की ओर से प्रयोग की जा रही ई-टिकटिंग मशीनों से जुड़ा है।

### खबर संक्षेप

#### सामाजिक न्याय मंत्री बेदी 22 को सिवानी में

**भिवानी।** प्रदेश के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री कृष्ण कुमार बेदी 22 मार्च को सिवानी स्थित नवरंग श्री महाराजा अग्रसेन पब्लिक स्कूल परिसर में आयोजित 14 वें वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत करेंगे। यह जानकारी डीसी कार्यालय से प्राप्त दौरा कार्यक्रम में मिली है। कार्यक्रम के अनुसार 22 मार्च को सिवानी स्थित नवरंग श्री महाराजा अग्रसेन पब्लिक स्कूल परिसर में 14वां वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित होगा, जिसमें मंत्री बेदी दोपहर 2.00 बजे पहुंचेगे। बेदी मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित करेंगे।

#### सतर्कता एवं निगरानी कमेटी की बैठक 27 को

**तोशाम।** एसडीएम प्रदीप अहलावत की अध्यक्षता में उपमंडल स्तरीय सतर्कता एवं निगरानी कमेटी की त्रिमासिक बैठक 27 मार्च को उनके कार्यालय में होगी। तहसील कल्याण अधिकारी राजकुमार नागल ने बताया कि बैठक 27 मार्च को सुबह साढ़े 11 बजे होगी। बैठक में अत्याचार निवारण के केसों की समीक्षा की जाएगी।

#### लाडो लक्ष्मी योजना से संबंधित कैंप 25 को

**भिवानी।** जिले में 'लाडो लक्ष्मी योजना' के लंबित आवेदनों के पंजीकरण पूरा करवाने के लिए 25 मार्च को सभी बीडीपीओ कार्यालय में सुबह 10 बजे विशेष कैंप आयोजित किए जाएंगे ताकि अधिक से अधिक लाभार्थियों को सुविधा मिल सके। एडीसी दीपक बाबू लाल करवा ने ये जानकारी देते हुए बताया कि इन कैंपों में जेडक्रीम, सीएससी, सीपीएलओ तथा सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहेंगे।

## गैस सिलेंडर को लेकर मारे छापे, 11 खाली व 4 भरे घरेलू सिलेंडर बरामद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहल



एलपीजी की कालाबाजारी व जमाखोरी रोकने के लिए खाद्य आपूर्ति विभाग व पुलिस ने संयुक्त रूप से अभियान चलाकर विभिन्न व्यावसायिक स्थलों पर छापेमारी की। टीम ने विभिन्न गैस कंपनियों के 11 खाली व 4 भरे घरेलू सिलिंडर बरामद किए जो व्यवसायिक स्थलों पर प्रयोग हो रहे थे। शुक्रवार को कस्बे में होटल, ढाबों व बड़े प्लांटों में उस वक्त हड़कंप की स्थिति बन गई जब खाद्य आपूर्ति विभाग व पुलिस बल ने छापेमारी की।

टीम ने कस्बे के भिवानी रोड, राजगढ रोड़, मैन बाजार व कस्बे के अंदरूनी क्षेत्रों में व्यावसायिक स्थलों पर घरेलू सिलिंडरों के प्रयोग होने की जांच की। इस दौरान सहायक खाद्य आपूर्ति अधिकारी अजय कुमार, खाद्य आपूर्ति निरीक्षक सत्येन्द्र शर्मा, उप निरीक्षक सज्जन कुमार के अलावा पुलिस बल व गैस एजेंसी कर्मचारी साथ रहे। एएफएसओ अजय कुमार ने बताया कि यह छापेमारी इसलिए की गई है ताकि व्यावसायिक स्थलों पर घरेलू सिलिंडरों का प्रयोग न हो और लोगों को घरेलू प्रयोग के लिए गैस लेने में किसी प्रकार की कोई दिक्कत पेश न आए। अजय कुमार ने बताया कि बहल में बहल से भिवानी रोड, बहल से राजगढ़ रोड के अलावा अन्य जगहों पर ढ़ाबों, होटल, मिठाई की दुकानों के अलावा अन्य व्यवसायिक स्थल जैसे रसगुल्ला फैक्ट्री पर जांच की गई। इस दौरान उनको बीपीसीएल के 7 खाली व 4 भरे, इंडेन व एचपी कंपनी के 2-2 खाली सिलिंडर बरामद हुए है। विभाग द्वारा इन सिलिंडरों को जब्त किया गया है।

## भेड़-बकरी चोरी के मामले में आरोपी को किया गिरफ्तार

**लोहारू।** पुलिस अधीक्षक सुमित कुमार के निर्देश पर पुलिस द्वारा पशु चोरी की वारदातों में शामिल आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए लगातार प्रभावी कार्रवाई अमल में लाई जा रही है। लोहारू डिटेक्टिव स्टाफ प्रेम नगर क्षेत्र में भेड़-बकरी चोरी के मामले में आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी को न्यायालय में पेश कर दो दिन के पुलिस रिमांड पर हिरासत में लिया गया है। बता दें कि भिवानी के प्रेमनगर निवासी सुनील ने थाना सदर भिवानी में शिकायत दर्ज करवाई थी कि 9 फरवरी की रात अज्ञात व्यक्ति उनके बाड़े से भेड़-बकरियां चोरी करके ले गए।

उक्त मामले में कार्रवाई करते हुए डिटेक्टिव स्टाफ लोहारू के उप निरीक्षक विनोद कुमार ने आरोपी को माननीय न्यायालय से प्रोडक्शन वारंट पर गिरफ्तार किया। गिरफ्तार आरोपी की पहचान टोहाना निवासी सागर उर्फ बच्ची के रूप में हुई है। आरोपी को न्यायालय में पेश करके दो दिन के रिमांड पर लिया गया है तथा पूछताछ में आरोपी ने बताया कि वह अन्य साथियों के साथ मिलकर पशु चोरी की वारदात को अंजाम दिया तथा चोरी की गई भेड़-बकरियों को बेच दिया था। जिसमें उसके हिस्से में छह हजार रुपये आए। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से दो हजार रुपये की राशि भी बरामद की है।

## लोहारू और ढिगावा में मारे छापे, 6 गैस सिलेंडर जब्त

■ कई देशों में युद्ध की स्थिति बनी हुई है जिसके कारण गैस और पेट्रोलियम की सप्लाई पर असर पड़ रहा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| लोहारू



लोहारू। होटल में छापे के दौरान जांच करते अधिकारी। फोटो : हरिभूमि

घरेलू गैस सिलेंडर की कालाबाजारी रोकने को खाद्य एवं आपूर्ति विभाग के सहायक खाद्य एवं आपूर्ति अधिकारी अजय कुमार, निरीक्षक संदीप कुमार और निरीक्षक सज्जन सिंह की टीम ने गुरुवार को लोहारू और ढिगावा में अनेक स्थानों पर छापामार कार्रवाई की। इस दौरान उन्हें कमर्शियल के स्थान पर घरेलू गैस सिलेंडर इस्तेमाल करने के छह मामले पकड़े और मौके से छह गैस सिलेंडर जब्त कर आवश्यक निर्देश दिए।

खाद्य एवं आपूर्ति विभाग के सहायक खाद्य एवं आपूर्ति अधिकारी अजय कुमार, निरीक्षक संदीप कुमार ने बताया कि घरेलू गैस सिलेंडर की कालाबाजारी और दुरुपयोग रोकने के लिए लोहारू शहर सहित गिगनाऊ, सिंघानी और ढिगावा के रेस्टोरेंट, होटल और हलवाई आदि की दुकानों पर छापामारी की गई। इस दौरान 6 घरेलू गैस सिलेंडर जब्त किए गए हैं जो कमर्शियल में प्रयोग किए जा रहे थे। उन्होंने प्राथमिक तौर से चेतावनी दी गई तथा भविष्य में घरेलू गैस सिलेंडर का दुरुपयोग किया गया तो कानून कार्रवाई भी की जाएगी। बता दें कि विश्व के कई देशों में युद्ध की स्थिति बनी हुई है जिसके कारण गैस और पेट्रोलियम की सप्लाई पर असर पड़ा है।

### योजना | योजना पर आठ से दस करोड़ रुपये की लागत आएगी

#### नपा की आयोजित बैठक में खींचा विकास का खाका

## स्मार्ट रोड, स्मार्ट सिटी से लगेंगे बवानीखेड़ा के विकास को पंख

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बवानी खेड़ा



अब बवानीखेड़ा कस्बे के दिन फिरने वाले हैं। बवानीखेड़ा कस्बे के लिए जल्द ही सौगातों का पिटारा खुलने वाला है। कस्बे को स्मार्ट सिटी व स्मार्ट रोड मिलेगा। इस योजना का नपा चेयरमैन सुंदर अत्री की अध्यक्षता में पार्षदों की आयोजित बैठक में लिया गया है।

बैठक में इस योजना का पूरा खाका खींचा गया और उसकी प्रस्तावित योजना भी प्रस्तुत की गई। जिस पर सभी पार्षदो ने अपनी सहमति की मोहर लगा दी। इस योजना पर करीब आठ से दस करोड़ की लागत आएगी।पहली बार बवानीखेड़ा कस्बे का इतने बडे स्तर पर सुधारीकरण की कोई योजना बनी है। स्मार्ट रोड की योजना के अनुसार एनएचआई के रोड से लेकर बस अड्डा, बिजली घर के साथ को होते हुए सुंदर नहर तक के मार्ग को स्मार्ट रोड बनाया जाएगा। इस रोड के दोनों तरफ पैदल चलने के लिए फुटपाथ आदि भी बनाए जाएंगे। सडक के दोनों तरफ स्ट्रीट लाइटों की दुधियां रोशनी से कस्बे की सड़क चमक उठेगी। इस सड़क के साथ दोनोंतरफ हरियाली बढ़ाने के लिए पौधे लगाए जाएंगे। सड़क के बीच में डिवाइडर होगा और डिवाइडर पर फूलदार पौधे रोपित होंगे। ताकि स्मार्ट रोड की सुंदरता को बढ सके। इनके अलावा सड़क के दोनों तरफ डस्टबीन भी रखवाए जाएंगे। ताकि वहां से गुजरने वाले हर व्यक्ति कचरे को इन डस्टबीनों में डाल सके।

#### स्मार्ट शहर होगा स्थापित

नगरपालिका की बैठक में स्मार्ट रोड के साथ साथ स्मार्ट बाजार स्थापित कराए जाने की भी योजना है। स्मार्ट बाजार योजना के तहत कस्बे के अंदर को निकलने वाले सड़क का भी सुधारीकरण करवाया जाएगा। तरतीवाइज दुकानें स्थापित करवाई जाएगी। सड़क के साथ को पैदल चलने के लिए फुटपाथ बनवाए जाएंगे और सौंदर्यीकरण व कचरे के निपटान के लिए दोनों तरफ गिले व सूखे कचरे के लिए डस्टबीन रखवाए जाने की योजना है।

## यूपीएससी में 330वीं रैंक प्राप्त करने वाली अंशिका को किया सम्मानित

■ तकनीकी साधनों का उपयोग बहुत सोच-समझ कर करें : कुमारी अंशिका

हरिभूमि न्यूज ▶▶| चरखी दादरी



भिवानी। अंशिका को सम्मानित करते गणमान्य नागरिक। फोटो : हरिभूमि

महिला महाविद्यालय, झोझू कलां में गांव चन्देनी निवासी कुमारी अंशिका द्वारा ऑल इण्डिया लेवल पर यूपीएससी परीक्षा में 330वीं रैंक प्राप्त करने पर सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में झोझू कलां शिक्षा एवं जन कल्याण समिति के सदस्य, प्राचार्या तथा आसपास के ग्रामीण अंचल से मौजिज व्यक्ति उपस्थित रहे।

कुमारी अंशिका ने 2024 में दीनदयाल उपाध्याय महाविद्यालय दिल्ली से स्नातक करने के बाद 2025 में प्रथम प्रयास में यह सफलता हासिल की। उन्होंने छात्राओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि आज की पीढ़ी को तकनीकी साधनों का उपयोग बहुत सोच-समझ कर करना चाहिए। केवल आवश्यकता अनुसार ही इनका प्रयोग करना चाहिए। उन्होंने नियमित और अनुशासनात्मक दिनचर्या बनाने, समय का सही प्रबन्धन करने तथा लक्ष्य के प्रति पूर्ण समर्पण और इमानदारी रखने पर विशेष जोर दिया। अंशिका ने कहा कि विद्यार्थी जीवन में किए गए त्याग और मेहनत भविष्य में सफलता का मार्ग प्रशस्त करते हैं । सांगवान खाप 13 के प्रधान सुरजभान सांगवान, प्राचार्या डॉ. मन्जू सांगवान ने कुमारी अंशिका को स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया।



# रिलीज के बाद धुरंधर 2 का पायरेटेड वर्जन पहुंचा पाकिस्तान

**मुंबई।** धुरंधर 2 फिल्म सिनेमाघरों में रिलीज हो चुकी है। फिल्म रिलीज होने के बाद से ही चर्चा का विषय बनी हुई है। रिलीज के एक दिन में ही इसके चर्चे पाकिस्तान तक होने लगे हैं। अब पाकिस्तान में भी लोग धुरंधर 2 के मजे ले रहे हैं, लेकिन सिनेमाघरों में नहीं टीवी पर। सोशल मीडिया पर कुछ तस्वीरें वायरल हुईं, जिनमें पाकिस्तान में लोग टीवी में 'धुरंधर 2' देखते नजर आए। खालिद महमूद खालिद नाम के एक पत्रकार ने एक्स पर पोस्ट करते हुए लिखा, 'वॉचिंग धुरंधर 2 इन लाहौर।' अब ये पोस्ट वायरल हो रही हैं और लोग इसपर पाकिस्तान की जमकर ट्रोलिंग कर रहे हैं। इस पर आदित्य राज कौल ने जवाब देते हुए निराशा जताई। आदित्य राज कौल फिल्म धुरंधर से रिसर्च कंसल्टेंट के तौर पर भी जुड़े थे। उन्होंने लिखा, 'दुख की बात है कि धुरंधर द रिवेंज का पायरेटेड वर्जन आज ही पाकिस्तान पहुंच गया।'

लाइफ Style

# वामिका
## भूत बंगला में अलग अंदाज में आएंगी नजर

फिल्म भूत बंगला में अक्षय कुमार के साथ वामिका गब्बी भी नजर आएंगी। इस हॉरर फिल्म में वह सिर्फ ग्लैमर का तड़का नहीं लगा रही है, वह अलग ही अंदाज में दर्शकों को देखने को मिलेंगी। फिल्म भूत बंगला को लेकर वामिका गब्बी काफी उत्साहित हैं। इस फिल्म में वह बिल्कुल ही अलग अंदाज में दर्शकों से रूबरू होंगी।

एजेंसी ▸▸ मुंबई

हाल ही में फिल्म से जुड़ी एक अपडेट सामने आई, जिससे पता चलता है कि एक्ट्रेस खिलाड़ी कुमार यानी अक्षय कुमार से काफी इंस्पायर है। वह उनके नक्शे-कदमों पर चल रही हैं। सूत्रों के अनुसार फिल्म 'भूत बंगला' में वामिका गब्बी ने अपने एक्शन सीन खुद किए हैं। एक्ट्रेस ने एक ट्रेन सीक्वेंस शूट किया, जिसमें वह ट्रेन के किनारे पर खड़ी थीं। इस सीन के लिए अक्षय कुमार के साथ एकदम सही तालमेल और टाइमिंग की जरूरत थी। वामिका ने अक्षय कुमार का पूरा साथ दिया। पिछले दिनों फिल्म 'भूत बंगला' का टीजर रिलीज हुआ। इसमें अक्षय कुमार जहां अपनी कॉमेडी से हंसाते हैं। वहीं डरावना माहौल भी टीजर में दिखता है। अक्षय कुमार का लुक भी टीजर में काफी अलग नजर आया है। कहानी के अलावा बाकी कलाकारों की भी झलक भी टीजर में दिखती है, इसमें वामिका भी नजर आईं। टीजर से ही हिंट मिला है कि इसमें एक रहस्मयी जीव है जो सबको डराता है। फिल्म 'भूत बंगला' में अक्षय कुमार, वामिका गब्बी के अलावा परेश रावल, तब्बू और राजपाल यादव भी हैं। यह फिल्म 10 अप्रैल को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है। इस फिल्म में असरानी की भी झलक मिलेगी। पिछले साल इस दिग्गज अभिनेता ने दुनिया को अलविदा कह दिया था।



हॉलीवुड मसाला



# वैल को निधन के 1 साल बाद एआई ने किया जिंदा

**लॉस एंजिल्स।** 'बैटमैन फॉरएवर' और 'टॉप गन' जैसी फिल्मों के लिए पहचाने जाने वाले दिवंगत एक्टर वैल किल्मर की बीते साल अप्रैल में मौत हो गई थी। 65 साल की उम्र में उनका निधन हुआ था। अब जब फैंस यह मानकर चल रहे थे कि वह अपने फेवरेट एक्टर को पर्दे पर दोबारा नहीं देख पाएंगे, जनरेटिव एआई ने उन्हें डिजिटली फिर से जिंदा कर दिया है। जी हां, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के जरिए हम और आप अपकमिंग फिल्म !कब्र की तरह गहरा' में वैल किल्मर को एक्टिंग करते हुए देखेंगे। इस फिल्म के लिए उन्हें साल 2020 में कास्ट किया गया था। उन्होंने इसके कुछ हिस्सों की शूटिंग की थी, जबकि कई सीन शूट नहीं कर पाए थे। अब इस खबर ने सोशल मीडिया पर नई बहस छेड़ दी है। कई फैंस जहां एक्टर को दोबारा पर्दे पर देखने के लिए बेताब हैं, वहीं कइयों ने इसे तकनीक का 'घटिया इस्तेमाल' बताया है।



# डिज्नी ने किया समर 2028 लाइन-अप का ऐलान

**लॉस एंजिल्स।** डिज्नी ने हाल ही में अपनी समर 2028 लाइन-अप का ऐलान कर दिया है। इसमें 'इनक्रेडिबल्स 3' और 'लिलो एंड स्टिच 2' को लेकर भी बड़ा अपडेट दिया गया है, जिसमें इन दो बड़ी फिल्मों की रिलीज डेट सामने आ गई है। इस अपडेट के बाद अब फैंस की एक्साइटमेंट भी बढ़ गई है। डिज्नी के मुताबिक, एनिमेशन फिल्म 'इनक्रेडिबल्स 3' 16 जून 2028 को थिएटर्स में रिलीज होगी। इस बार फिल्म को पीटर सोहन डायरेक्ट करेंगे, जबकि ब्रैड बर्ड इसमें राइटर के तौर पर जुड़े रहेंगे। वहीं दूसरी तरफ, 'लिलो एंड स्टिच 2' 26 मई 2028 को सिनेमाघरों में रिलीज की जाएगी। 'लिलो एंड स्टिच 2' की बात करें, तो इसकी कहानी क्रिस सैंडर्स लिख रहे हैं, जो इस फ्रेंचाइजी के ओरिजिनल क्रिएटर भी हैं। मेकर्स ने इन फिल्मों की रिलीज डेट की घोषणा अपने इंस्टाग्राम हैंडल के जरिए शेयर की है। रिपोर्ट्स के अनुसार, दोनों फिल्में कुछ हफ्तों के अंतर में रिलीज होंगी, जिससे समर 2028 में डिज्नी का बड़ा बॉक्स ऑफिस धमाका देखने को मिल सकता है। कुल मिलाकर, डिज्नी की ये अनाउंसमेंट फैंस के लिए बड़ी खुशखबरी है और 2028 का समर सीजन एंटरटेनमेंट से भरपूर रहने वाला है।



# सरके चुनर तेरी गाने की सिंगर ने मांगी माफी


**मुंबई।** नोरा फतेही और संजय दत्त पर फिल्माया गया गाना 'सरके चुनर तेरी' को लेकर विवाद मचा हुआ है। गाने के बोल और डांस स्टेप्स को लोगों ने आपत्तिजनक पाया, जिसके बाद इसको लेकर विवाद शुरू हो गया। आखिरकार सरकार ने गाने पर एक्शन लेते हुए इसके हिंदी वर्जन को यूट्यूब से हटा दिया। अब गाने के कन्नड़ वर्जन 'सरसे निन्ना सेरागा सरसे' की सिंगर मंगली, जिन्होंने हिंदी वर्जन भी गाया है, उन्होंने इस पर अपनी प्रतिक्रिया दी है। लोगों से माफी मांगते हुए सिंगर ने जल्द ही गाने के संशोधित वर्जन के रिलीज होने की बात कही। मंगली ने अपने इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट साझा की। इसमें उन्होंने लोगों से 'सरके चुनर तेरी' गाने को लेकर उठे विवाद पर माफी मांगी। मंगली ने अपनी पोस्ट में लिखा, 'जनता की भावनाओं का सम्मान करते हुए, गीत को सभी प्लेटफॉर्म से हटा दिया गया है।



# रश्मिका ने जाहिर की अवॉर्ड मिलने की खुशी

**मुंबई।** तेलंगाना गद्दर फिल्म अवॉड्र्स 2025 में रश्मिका मंदाना को 'द गर्लफ्रेंड' में उनकी एक्टिंग के लिए स्टेट अवॉर्ड दिया गया। जिसकी खुशी उन्होंने सोशल मीडिया पर शेयर की। एक्ट्रेस रश्मिका मंदाना के जीवन का 2026 एक महात्वपूर्ण साल रहा। 'मैसा' आने वाली है। वहीं फरवरी में विजय देवराकोंडा के साथ उनकी शादी भी हुई है। इसके साथ ही उनके बॉलीवुड प्रोजेक्ट्स भी लाइन अप हैं। हाल ही में एक्ट्रेस ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट के जरिए अपने राज्य स्तर पर सम्मान पाने की खुशी जाहिर की। 19 मार्च 2026 की रात तेलंगाना गद्दर फिल्म अवॉड्र्स 2025 के शानदार आयोजन में रश्मिका मंदाना भी पहुंची थी। वहां उन्हें 'द गर्लफ्रेंड' के लिए इस स्टेट अवॉर्ड से सम्मानित किया गया। अपनी इस खुशी को रश्मिका ने सोशल मीडिया पोस्ट को जरिए शेयर किया।

टीवी मसाला



# नागिनों ने किया रॉकेट लॉन्च, दी सलामी, लोगों ने उड़ाई खिल्ली

**नई दिल्ली।** एकता कपूर का शो 'नागिन 7' जब से शुरू हुआ है, तब से किसी न किसी कारण से खबरों में बना ही रहता है। इस बार तो हद ही हो गई जब नागिनों ने रॉकेट लॉन्च करके उसे सलामी दी। ये सीन खूब वायरल हो रहा है और खिल्ली भी उड़ रही है। 'नागिन 7' में रॉकेट लॉन्च को सलामी देते हुए नागिनों का एक सीन वायरल होने के बाद से ही हलचल मची हुई है। देशभक्ति और कल्पना के इस मिश्रण ने लोगों का ध्यान खींचा है, जिससे ऑनलाइन रिएक्शन्स की बाढ़ आ गई है। कलर्स टीवी पर हाल ही में प्रसारित एक एपिसोड में दिखाए गए इस सीन में नागिनें अपने मानव रूप में आकाश में रॉकेट लॉन्च देखती हुई दिखाई देती हैं। रॉकेट के उड़ान भरने के साथ ही सभी सलामी देते हैं, जबकि बैकग्राउंड में वंदे मातरम की धुन बजती है। इस सीन ने एक्स पर रिएक्शन्स की बाढ़ ला दी, जिसमें यूजर्स ने शो के क्रिएटर्स पर मजेदार कमेंट किए। एक ने लिखा- यह किसी बॉलीवुड फिल्म के सीन जैसा लग रहा है। एक ने कहा- इन नागिनों ने इतिहास बदल दिया है। दूसरे ने मजाक में कहा- इन नागिनों को बॉर्डर पर भेज दो। तीसरे ने कहा- भारतीय टीवी शो और उनका कभी न खत्म होने वाला नाटक। एकता कपूर का शो 'नागिन' लंबे समय से भारतीय टेलीविजन के सबसे फेमस शोज में से एक रहा है। वर्षों से, इसने एक फैनबेस बनाया है और साथ ही अपनी अलग कहानी और अनोखे सीन्स के कारण बार-बार वायरल भी हुई है।

## हिना ने हाथों में लगाई ईद की मेहंदी

**नई दिल्ली।** हिना खान ने ईद की हाथों में मेहंदी लगाई। इसमें पति रॉकी जायसवाल का भी नाम लिखवाया। हिना ने हाथों के साथ-साथ पैरों पर भी खूबसूरत मेहंदी लगवाई। इस मौके पर उन्होंने सलवार, झुमके और



चूड़ियां भी पहनीं। हिना खान बेहद खूबसूरत लग रही थीं और उनकी मदमस्त अदाएं फैंस के दिलों पर छुरियां चला रही हैं, पर कुछ लोगों को इस पर भी परेशानी हो गई। उन्होंने अपने तानों और कमेंट्स से हिना खान के ईद के जश्न में खलल डालने की कोशिश की। जहां कुछ ने पूछा कि क्या हिना ने रोज़े रखे थे, जो वो ईद मना रही हैं, तो वहीं कुछ ने ताना मारा कि जो लोग रोज़े नहीं रखते हैं उनकी ईद दो दिन पहले ही शुरू हो जाती है। हिना खान ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर ईद की तैयारियां दिखाते हुए 12 तस्वीरें शेयर कीं। इस पोस्ट पर जहां फैंस ने प्यार बरसाया, वहीं कुछ यूजर्स ने ऊल-जुलूल कमेंट्स करने शुरू कर दिए। एक ने लिखा, 'जो रोज़े नहीं रखते, उनकी ईद दो दिन पहले आ जाती है।'

# टॉलीवुड, कॉलीवुड और बॉलीवुड नहीं सिर्फ भारतीय सिनेमा होना चाहिए

**मुंबई।** उगादी के अवसर पर बीते दिन तेलंगाना गद्दर फिल्म अवॉड्र्स 2025 आयोजित हुए। यहां भारतीय सिनेमा के कई सितारे पहुंचे। कुछ को सम्मानित भी किया गया। अवॉर्ड नाइट में दिग्गज अभिनेता कमल हासन और मेगा स्टार चिरंजीवी को भी पुरस्कार प्रदान किया गया। इसी दौरान दोनों सितारों ने इस बात पर जोर दिया कि देश में क्षेत्रीय सिनेमा की बाउंड्रीज नहीं होनी चाहिए। सिर्फ एक ही सिनेमा यानी 'भारतीय सिनेमा' होना चाहिए। तेलंगाना गद्दर फिल्म अवाड्र्स 2025 में कमल हासन ने अपने संबोधन में मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी से भारत की क्षेत्रीय फिल्म इंडस्ट्रीज के बीच की सीमाओं को खत्म करने की अपील की। वहीं, चिरंजीवी ने हैदराबाद को देश का सिनेमा का हब बनाने का अपना



विजन पेश किया। बता दें कि बीती रात दोनों दिग्गज सितारों को सम्मानित किया गया। कमल हासन को इस अवॉर्ड फंक्शन में पैडी जयराज फिल्म पुरस्कार से सम्मानित किया गया। वहीं, मेगास्टार चिरंजीवी को एनटीआर राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार प्रदान किया गया। पुरस्कार प्राप्त करने के बाद दोनों सितारों ने मंच से कुछ ऐसा कहा, जिसकी इंडस्ट्री को काफी समय से जरूरत थी। अवॉर्ड फंक्शन में कमल हासन ने मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी की ओर रुख किया और उनसे एक गुजारिश की। कमल हासन ने कहा, 'क्योंकि इस एकता के असली हीरो आप हैं, इसलिए मैं आपसे गुजारिश करता हूं अब और टॉलीवुड, कॉलीवुड, बॉलीवुड, मॉलीवुड या सैंडलवुड नहीं। अब सिर्फ एक ही नाम होना चाहिए।

# ओपनिंग डे पर रिकॉर्ड तोड़ कमाई के बाद भी धुरंधर 2 की दर्शकों ने गिना दी कमियां

**मुंबई।** गुरुवार को 'धुरंधर 2' ने सिनेमाघरों में कदम रखा और पहले ही दिन सबसे ज्यादा कलेक्शन करने वाली फिल्म बन गई। इस फिल्म को लेकर रिलीज से पहले ही अलग तरह का बज बना हुआ था, लेकिन कुछ दर्शकों, फैंस को इसमें कमियां भी नजर आईं।



### उम्मीदों पर खरी नहीं उतरी

फिल्म 'धुरंधर' के बाद फैंस को 'धुरंधर 2' से काफी उम्मीद थी। लेकिन, यह उनकी उम्मीदों पर खरी नहीं उतर सकी। एक यूजर ने फिल्म को लेकर लिखा, 'एक सिनेमा प्रेमी के तौर पर मैं पार्ट 2 से बहुत ज्यादा उम्मीदें लेकर गया था। लेकिन, यह उन उम्मीदों पर खरी नहीं उतरी। फिल्म बेवजह खिंची हुई लगती है। वह जबरदस्त कहानी कहने का अंदाज, जिसने पहले हिस्से को इतना कामयाब बनाया था, यहां नदारद है। यह पूरी तरह से बुरी तो नहीं है, लेकिन इसने जो वादा किया था, उसके मुकाबले यह यकीनन निराश करने वाली फिल्म है।' इसी तरह की शिकायत कई लोगों को फिल्म से है, 'धुरंधर 2' का रन टाइम लगभग चार घंटे था, जो कि कई लोगों के लिए काफी ज्यादा था। इतनी देर बैठकर फिल्म देखना कई लोगों के लिए मुश्किल हो गया। एक अन्य यूजर ने लिखा, 'थोड़ी धीमी शुरुआत, ज्यादा हिंसा और थोड़ी ज्यादा ही पॉलिटिक्स। लेकिन, बिना किसी गलती के डायरेक्टेड और जबरदस्त एक्टिंग वाली फिल्म है। इसे जरूर देख सकते हैं।'

### किसी ने खोखली फिल्म तक कह दिया

कुछ लोगों को 'धुरंधर 2' लंबी और वॉयलेंस से भरी फिल्म लगी, लेकिन इसे फिर भी वह दिखने की बात कहते हैं। लेकिन ,कुछ दर्शकों ने इसे खोखली फिल्म कह दिया। एक यूजर ने ट्वीट पर कमेंट करते हुए लिखा, 'अभी-अभी यह फिल्म देखी। यह बहुत शोरगुल वाली और खोखली फिल्म है। इसमें कहानी से ज्यादा शोर है, बहुत ज्यादा हिंसा है। गालियों से भरी हुई और एक खींचे हुए प्रोपेगैंडा नैरेटिव पर बेस्ड है। रणवीर सिंह भी हमजा के तौर पर दर्शकों को प्रभावित करने में नाकाम रहे।' ट्वीट में आगे लिखा है, 'बस भारत-पाकिस्तान के बीच टकराव का एक ही घिसा-पिटा एंगल है, न कोई अच्छा संगीत है, और न ही कोई भावनात्मक या देशभक्ति से जुड़ाव है। आप यह सोचने पर मजबूर हो जाते हैं कि आदित्य धर आखिर क्या करना चाह रहे थे? कहानी सुनाना या फिर बस टकराव का फायदा उठाना।

## इस वीकएंड ओटीटी पर होगी मनोरंजन की बारिश
# बॉर्डर 2 से चिरैया तक रिलीज होंगी ये फिल्में और सीरीज

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

सिनेमाघरों में 'धुरंधर 2' ने दस्तक दे दी है। संभव है कि आप भी वीकएंड पर इस फिल्म को देखने का प्लान बना रहे हों, लेकिन अगर आप घर बैठे ओटीटी पर कुछ देखना चाह रहे हैं तो इस बार की लिस्ट काफी दिलचस्प है। एक्शन से लेकर सस्पेंस तक का डोज दर्शकों को मिलने वाला है।

### बॉर्डर 2

सिनेमाघरों में जबर्दस्त कमाई करने के बाद फिल्म 'बॉर्डर 2' अब ओटीटी पर भी आ चुकी है। यह सीरीज 20 मार्च से नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम हो रही है। इस वीकएंड पर आप इसे परिवार के साथ देख सकते हैं। यह फिल्म 1997 की क्लासिक फिल्म 'बॉर्डर' का सीक्वल है। फिल्म 'बॉर्डर 2' 1971 के भारत-पाकिस्तान युद्ध पर आधारित है। इसमें सनी देओल, वरुण धवन, अहान शेट्टी और दिलजीत दोसांझ जैसे सितारे हैं।

### अ डिफरेंट मैन

यह साइकोलॉजिकल थ्रिलर फिल्म है। सेबेस्टियन स्टेन और एडम पियर्सन अभिनीत यह फिल्म 20 मार्च 2026 से नेटफ्लिक्स पर उपलब्ध है। यह एक ऐसे शख्स की कहानी है, जो चेहरे की सर्जरी के बाद बाहरी रूप तो बदल लेता है, लेकिन अपने आंतरिक संघर्षों से नहीं जीत पाता।



### डेडलॉक सीजन 2

अगर आपको क्राइम मिस्ट्री देखना पसंद है तो 'डेडलोक सीजन 2' आपके लिए शानदार विकल्प है। इस सीजन में डिटेक्टिव डल्सी और एडी रेडक्लिफ एक बार फिर लौट आए हैं। इस बार वे एक मर्डर मिस्ट्री सुलझाते नजर आएंगे। यह 20 मार्च से प्राइम वीडियो पर स्ट्रीम हो रही है।

### चिरैया

दिव्या दत्ता, प्रसन्ना बिष्ट और संजय मिश्रा अभिनीत वेब सीरीज 'चिरैया' इस वीकएंड देखी जा सकती है। यह सीरीज आज 20 मार्च को जियो हॉटस्टार पर रिलीज हुई है। यह सवेंदनशील कहानी पर आधारित सीरीज है। सीरीज महिला केंद्रित है, मगर यह पुरुषों को भी जरूर देखनी चाहिए।

### जटाधारा

सोनाक्षी सिन्हा की एक्शन थ्रिलर फिल्म भी अब ओटीटी पर आ चुकी है। इस फिल्म में एक 'धन पिशाचिनी' (धन के राक्षस) की कहानी के जरिए आस्था और तर्क के बीच के टकराव को दिखाया गया है। बॉक्स ऑफिस पर इस फिल्म ने खास प्रदर्शन नहीं किया था। हालांकि, इसकी सिनेमैटोग्राफी, विजुअल इफैक्ट्स और अभिनय की तारीफ हुई थी। 20 मार्च से 'जटाधारा' जी5 पर उपलब्ध है।

## खबर संक्षेप

### लक्ष्मण गौड़ की माता शकुंतला का निधन



**भिवानी।** राष्ट्रपति एवं प्रधानमंत्री अवार्डी शिक्षक लक्ष्मण गौड़ की माता शकुंतला देवी का गत 19 मार्च गुरुवार को निधन हो गया। शकुंतला देवी ने शाम 7:45 बजे अंतिम सांस ली। वे अपने पीछे चार बेटे, बेटी, पौत्र व पौत्रियां छोड़कर गई हैं। शकुंतला देवी का 20 मार्च शुक्रवार को भीम स्टेडियम के निकट रामबाग में अंतिम संस्कार किया गया।

### निःशुल्क जांच शिविर में 52 लोगों की आंखें जांची

**भिवानी।** उत्तर भारत के प्रतिष्ठित आई केयर हॉस्पिटल नेटवर्क आँखों का अस्पताल के सौजन्य से तथा वरिष्ठ नागरिक कल्याण समिति, भिवानी के सहयोग से आज वरिष्ठ नागरिक क्लब (वृद्धाश्रम), सेक्टर-13, भिवानी में निःशुल्क नेत्र जांच शिविर का सफल आयोजन किया गया।

इस शिविर में कुल 52 लोगों की आंखों की जांच की गई।

### चिकित्सकों ने जांचा लोगों का स्वास्थ्य

**भिवानी।** अब शहर के हर व्यक्ति को उसके ही वार्ड में स्वास्थ्य संबंधित जांच सुविधाएं मिलेगी। इसी क्रम में शुक्रवार को वार्ड संख्या दो में सीएम ओ रघुबीर सिंह शांडिल्य के दिशा निर्देशों के तहत मेडिकल जांच शिविर का आयोजन किया गया है। जिसमें सामान्य अस्पताल के चिकित्सकों ने मेडिकल कैम्प में करीब 50 से ज्यादा लोगों के बीपी, शुगर व अन्य तरह की जांच की। इस दौरान लोगों का इलाज भी किया।

### 27 को हडौदा में होगा रात्रि ठहराव कार्यक्रम

**चरखी दादरी।** मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के निर्देशों पर उपायुक्त मुनीश नागपाल और पुलिस अधीक्षक अर्श वर्मा सहित प्रशासनिक अधिकारी शुक्रवार 27 मार्च को हडौदा गांव के ग्राम सचिवालय परिसर में रात्रि ठहराव करेंगे। इस दौरान गांव की समस्याओं को सुना जाएगा और उनका समाधान भी किया जाएगा। साथ ही गांव के विकास को लेकर लोगों के सुझाव भी लिए जाएंगे।

### भाकियू ने मांगों को लेकर सौंपा ज्ञापन

**बाढड़ा।** भारतीय किसान यूनियन (भाकियू) द्वारा चार दिन पहले एसडीएम को दिए गए ज्ञापन का असर अब देखने को मिल रहा है। संगठन ने कस्बे की सडक़ों पर जमा दूषित पानी को हटाने की मांग उठाई थी, ताकि आमजन को आवागमन में हो रही परेशानी से राहत मिल सके। एसडीएम आशीष सांगवान के आदेशों के बाद लोक निर्माण विभाग ने कार्रवाई शुरू करते हुए,कस्बे की जुई रोड पर भरे बरसाती व दूषित पानी को निकालने का कार्य शुरू कर दिया है। विभाग द्वारा सफाई मशीन की मदद से सडक़ पर जमा पानी को हटाया जा रहा है। काफी समय से सडक़ पर गंदा पानी भरा होने के कारण राहगीरों और वाहन चालकों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा था।

### एमएसपी बढ़ाने की मांग को लेकर उठाई आवाज

**बाढड़ा।** भारतीय किसान यूनियन के जिला प्रधान ब्रह्मपाल बाढड़ा के नेतृत्व में किसानों की विभिन्न ज्वलंत समस्याओं को लेकर प्रशासन का ध्यान आकर्षित किया गया। संगठन ने किसानों और आम जनता से जुड़े कई अहम मुद्दों पर तुरंत प्रभाव से कार्रवाई की मांग की है। यूनियन सदस्य भुप सिंह, रमेश भांभु ने आरोप लगाया कि क्षेत्र में नकली डीएपी खाद की बिक्री हो रही है, जिससे फसलों की गुणवत्ता प्रभावित हो रही है और किसानों को भारी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है। उन्होंने प्रशासन से दुकानों की जांच कर दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की। इसके अलावा दूध व दूध उत्पादों में बढ़ती मिलावट पर भी चिंता जताई गई। संगठन का कहना है कि इससे लोगों के स्वास्थ्य पर बुरा असर पड़ रहा है, इसलिए मिलावटखोरों पर कड़ी कार्रवाई के साथ नियमित जांच अभियान चलाया जाए।

---

## नायब और मोदी की नीतियों के कारण हुआ अभूतपूर्व विकास

# चेयरमैन राणा ने प्रशिक्षण शिविर में कार्यकर्ताओं को दिया जीत का मंत्र

*सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना कार्यकर्ताओं की जिम्मेदारी*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिवानी

भारतीय जनता पार्टी द्वारा संगठनात्मक मजबूती और कार्यकर्ताओं के कौशल विकास के लिए स्थानीय जिला भाजपा कार्यालय में प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में हरियाणा राज्य सहकारी कृषि एवं ग्रामीण विकास बोर्ड के चेयरमैन अमरपाल राणा ने शिरकत की। शिविर की अध्यक्षता भाजपा जिला अध्यक्ष विरेंद्र कौशिक ने की। प्रशिक्षण शिविर को संबोधित करते हुए चेयरमैन अमरपाल राणा ने कार्यकर्ताओं में जोश भरा। उन्होंने कहा कि भाजपा केवल एक राजनीतिक दल नहीं, बल्कि एक विचारधारा है जो अंत्योदय के सिद्धांत पर कार्य करती है।

अमरपाल राणा ने अपने संबोधन में कहा कि आज हरियाणा की नायब और केंद्र की मोदी सरकार की नीतियों के कारण ग्रामीण क्षेत्रों में अभूतपूर्व विकास हुआ है। सहकारिता के माध्यम से हम किसानों और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत कर रहे हैं। कार्यकर्ताओं की जिम्मेदारी है कि वे सरकार की इन जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाएं। जिला अध्यक्ष विरेंद्र कौशिक ने शिविर के उद्देश्यों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि इस तरह के प्रशिक्षण कार्यक्रमों से कार्यकर्ताओं की कार्यक्षमता बढ़ती है और वे वैचारिक रूप से अधिक सशक्त होते हैं। जिला प्रभारी रेणू डाबला ने कहा कि शिविर के दौरान विभिन्न सत्रों में अलग-अलग विषयों पर चर्चा की गई, जिनमें मुख्य रूप से सोशल मीडिया के माध्यम से पार्टी के प्रचार-प्रसार को तेज करना, जिले में चल रही विकास परियोजनाओं की प्रगति की समीक्षा, भविष्य में होने वाले कार्यक्रमों और चुनावों को लेकर रूपरेखा आदि रहे।



भिवानी। लोगों को संबोधित करते हुए। फोटो : हरिभूमि

### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर नंदराम धानिया, डीएम मनोहर, संदीप श्योराण, मीना परमार, नगर परिषद चेयरपर्सन प्रतिनिधि भवानी प्रताप, बवानीखेड़ा नगर पालिका चेयरमैन सुंदर अत्री, मनोज तिगड़ाना, जिला महामंत्री रेखा राघव, रमेश पचेरवाल, जिला उपाध्यक्ष राजेश जांगड़ा, प्रदीप प्रजापति, सुनील शर्मा, शालू अरोड़ा, जिला सचिव सुनील डावर, सोनिया अत्री, जिला प्रवक्ता विनोद चावला, जिला आईटी प्रमुख अंकित, जिला सोशल मीडिया सूर्य प्रताप, राजकुमार, राकेश मिश्रा, दिनेश वर्मा, विजय शर्मा, रमेश लालावास, कमलेश कुमार भोडूका सहित अन्य पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

---

# दूसरे नवरात्र पर दक्षिण काली नवदुर्गा मंदिर में विशेष पूजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिवानी

चैत्र नवरात्रों के दूसरे दिन कोंट रोड मिनी बाईपास, काली माता मंदिर रोड स्थित दक्षिण काली नवदुर्गा मंदिर में मां दुर्गा के ब्रह्मचारिणी स्वरूप की विधि-विधान से पूजा-अर्चना की गई।

सुबह से ही मंदिर में श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा और पूरे परिसर में भक्तिमय माहौल बना रहा। मंदिर की प्रबंधक उर्मिला सैनी के नेतृत्व में विशेष पूजा का आयोजन किया गया, वहीं पुजारी शुभम द्वारा मंत्रोच्चार के साथ मां ब्रह्मचारिणी की पूजा करवाई गई। इस अवसर पर हवन यज्ञ भी किया गया।



■ छोटे-छोटे बच्चों ने माता रानी के भजन गाए, आरती में भाग लिया और हवन में भी श्रद्धा से आहुति डाली

### श्रद्धालुओं ने मां का गुणगान किया

उन्होंने बताया कि नवरात्र का दूसरा दिन मां ब्रह्मचारिणी को समर्पित होता है। यह स्वरूप तप, त्याग और साधना का प्रतीक माना जाता है। धार्मिक मान्यता के अनुसार इस दिन मां की पूजा करने से व्यक्ति में धैर्य, आत्मविश्वास और संकल्प शक्ति का विकास होता है। मां ब्रह्मचारिणी अपने भक्तों को कठिन परिस्थितियों में भी आगे बढ़ने की प्रेरणा देती हैं। मंदिर परिसर मे भजन-कीर्तन के माध्यम से श्रद्धालुओं ने मां का गुणगान किया। भक्तों ने माता रानी के दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त किया। मंदिर प्रबंधन ने बताया कि नवरात्रों के दौरान प्रतिदिन विशेष पूजा, हवन यज्ञ, भजन-कीर्तन और सामाजिक जागरूकता से जुड़े कार्यक्रम भी आयोजित किए जाएंगे, जिससे समाज में धार्मिक भावना के साथ-साथ सकारात्मक संदेश भी पहुंचे। छोटे-छोटे बच्चों ने माता रानी के भजन गाए, आरती में भाग लिया और हवन यज्ञ में भी श्रद्धा से आहुति डाली।

---

# शिविर में 180 मरीजों को जांचा

■ बीपीएमएस के 37वें नि:शुल्क शिविर में भारी संख्या में मरीजों की जांच

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिवानी

भिवानी परिवार मैत्री संघ (बीपीएमएस) के 37वें निःशुल्क आंखों के मोतियाबिंद ऑपरेशन लेंसवाला एवं मेडिकल कैम्प में भारी संख्या में मरीज उमड़े। शिविर में 180 मरीजों की ओपीडी जांच हुई, जिनमें से 49 मरीजों का मोतियाबिंद के ऑपरेशन के लिए चयन किया। वहीं 68 मरीजों की ओरल जांच की गई। नारी सशक्तिकरण की अलख जगाने वाली कांता देवी कोकड़ा की पुण्य स्मृति में नरेश कोकड़ा परिवार के नेतृत्व में शिविर श्रीकृष्ण प्रणामी मंदिर में सुबह नौ बजे से दोपहर एक बजे तक आयोजित किया। बीपीएमएस के 37वें निःशुल्क शिविर में आंखों की जांच इंदिरा गांधी आई हास्पिटल एंड रिसर्च सेंटर गुरुग्राम के वरिष्ठ चिकित्सकों व मेडिकल एवं कैंसर जांच दिल्ली के राजीव गांधी कैंसर इंस्टीट्यूट के अनुभवी डॉक्टरों ने की। बीपीएमएस के 36 वें निःशुल्क शिविर में 125 मरीजों की ओपीडी जांच हुई थी। पिछले माह के शिविर की उल्लेखनीय विशेषता यह रही थी कि बीपीएमएस के 35वें शिविर में नेत्र ऑपरेशन करवाने वाले दो मरीजों से 36 वें शिविर का शुभारंभ करवाया गया था।



भिवानी। नेत्र एवं चिकित्सा शिविर में मरीज की जांच करती चिकित्सक।

---

# समाधान शिविर में पहुंची समस्याओं को अधिकारी तुरंत निपटाएं : उपायुक्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ चरखी दादरी

जिले में समाधान शिविर की शिकायतों के निवारण के लिए लगातार कार्य किया जा रहा है। प्रशासन की कोशिश रहती है कि समयबद्ध तरीके से समस्याओं का समाधान किया जाए। उपायुक्त डॉ. मुनीश नागपाल ने जिला के सभी अधिकारियों को प्राथमिकता के आधार पर कार्यवाही के निर्देश दिए हैं। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के आदेशानुसार प्रदेशभर में आयोजित किए जा रहे समाधान शिविर में जिला व उपमंडल स्तर बेहतर तरीके से कार्य किया जा रहा है। सोमवार और वीरवार को आयोजित होने वाले शिविरों में आई समस्याओं की प्रत्येक शुक्रवार को समीक्षा की जाती है।

मुख्यमंत्री कार्यालय की ओर से वरिष्ठ आईएएस अधिकारी राजीव रंजन ने समीक्षा की और उपायुक्त ने उन्हें जिला से संबंधित जानकारी दी। सरकार के निर्देशानुसार हर जिला व उपमंडल मुख्यालय पर समाधान शिविरों का आयोजन किया जाता है, जिसमे जिला मुख्यालय पर उपायुक्त और उपमंडल स्तर पर संबंधित एसडीएम द्वारा नागरिकों की बिजली, पेयजल, पीपीपी, आधार कार्ड, अतिक्रमण हटवाने, पुलिस सहायता दिलवाने, सरकार द्वारा क्रियान्वित पेंशन या सहायता राशि आदि से संबंधित समस्याएं सुनी जाती हैं।



चरखी दादरी। समाधान शिविर की समस्याओं की समीक्षा करते उपायुक्त।

### त्वरित समाधान किया जा रहा

उपायुक्त ने कहा कि सरकार के आदेशानुसार जिला मुख्यालय और उपमंडल स्तर पर समाधान शिविर आयोजित किए जा रहे हैं और वहां पर नागरिकों की समस्याएं सुनकर त्वरित समाधान किया जा रहा है। जिला प्रशासन का हर संभव प्रयास है कि नागरिकों को बिजली-पेयजल जैसी सभी मूलभूत सुविधाएं पर्याप्त मात्रा में मिले। सभी जिलाधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं कि वे आमजन की समस्याओं को गंभीरता से सुनें।

---

# लंबित समस्याओं का सप्ताह में समाधान करें : एडीसी

■ एडीसी दीपक बाबूलाल करवा ने समाधान शिविर रिव्यू बैठक मे अधिकारीयों को दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिवानी

एडीसी दीपक बाबूलाल करवा की अध्यक्षता में लघु सचिवालय स्थित डीआरडीए सभागार में समाधान शिविर की समीक्षा बैठक का आयोजन हुआ। बैठक में विभिन्न विभागों के अधिकारियों ने अपने-अपने विभागों की प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत की। एडीसी ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे अधिक समय से लंबित समस्याओं का एक सप्ताह के अंदर-अंदर समाधान करें।

एडीसी शकरवा ने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि वे समस्याओं का समाधान करने के साथ-साथ एटीआर को सही ढंग से पोर्टल पर अपलोड करें। एडीसी ने विशेषकर एचएसवीपी, जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग व कृषि विभाग को निर्देश दिए कि इन विभागों के पास अत्यधिक शिकायतें लंबित हैं, इसलिए शीघ्र करके इन शिकायतों को निपटाएं, नही तो विभागीय कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। एडीसी ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि लंबित केसों में नियमानुसार जल्द समाधान हो सकता है तो उसका त्वरित समाधान करें, अगर जिला स्तर पर समाधान संभव नही है तो ऐसी शिकायतों की एटीआर पूर्ण रूप से भरकर मुख्यालय को भेजें। ऐसी शिकायतों को अपने पास लंबित ना रखें।

सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं एवं जनहित से जुड़े कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर समयबद्ध तरीके से पूरा करें। उन्होंने कहा कि बिजली-पेयजल जैसी मूलभूत सुविधाओं से संबंधित शिकायतों का त्वरित एवं प्रभावी समाधान सुनिश्चित किया जाए, ताकि नागरिकों को किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े।

### दयालु-द्वितीय योजना : 23 मामलों पर विचार किया

**भिवानी।** डीसी साहिल गुप्ता के मार्गदर्शन में लघु सचिवालय स्थित डीआरडीए सभागार में दयालु-द्वितीय योजना की समीक्षा बैठक आयोजित हुई। बैठक की अध्यक्षता एडीसी दीपक बाबू लाल करवा ने की। बैठक में कुल 23 मामलों पर विचार किया गया। इनमें 10 डॉग बाइट व दो कोर्ट कसों को सहायता राशि प्रदान करने के लिए तय किया गया। एडीसी करवा ने कहा कि दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय परिवार सुरक्षा योजना के तहत दयालु-द्वितीय योजना शुरू की है। इस योजना के तहत बेसहारा/जंगली पशुओं गाय, बैल, कुत्ते, नील गाय, भैंस आदि के काटने-चोट मारने से हुई आकस्मिक मृत्यु/घायल होने/ दिव्यांगता की स्थिति में वित्तीय सहायता प्रदान करना है। मृत्यु या नॉर्म अनुसार प्रतिशत दिव्यांगता होने पर एक से पांच लाख रुपये तक की आर्थिक सहायता प्रदान की जाती है। बैठक के दौरान इस दौरान जिला सांख्यिकी अधिकारी एवं दयालु योजना के सदस्य सचिव डॉ. भागीरथ कौशिक ने एडीसी को बताया कि भिवानी जिले में अब तक कुल 57 आवेदन आन लाईन प्राप्त हुए हैं। इन सभी केसों के निपटारों के लिए कार्रवाई की जा रही है। लोगों में जागरूकता के लिए कैंपों का आयोजन भी किया गया है, जिनमें पीड़ित लोगों के जरूरी दस्तावेज पूरे करवाए गए हैं। उन्होंने बताया कि दस्तावेजों में दुर्घटना स्थल फोटो, परिवार पहचान पत्र, एफआईआर/डीडीआर, मृत्यु प्रमाण पत्र और अस्पताल डिस्चार्ज प्रमाण पत्र जरूरी है। कुत्ते के काटने के मामले में मुआवजे की राशि न्यूनतम 10 हजार रुपये प्रति दांत के निशान पर होगी और जहां मांस त्वचा से अलग हो गया है, कुत्ते के काटने के मामले में यह न्यूनतम 20 हजार रूपए प्रति 0.2 सेमी घाव पर होगी।

---



तोशाम। लाइब्रेरी के लिए कम्प्यूटर सौंपते हुए।

### जजपा नेता दिग्विजय चौटाला ने ढाणी माहू की लाइब्रेरी के लिए भेजे दो कंप्यूटर

**तोशाम।** जननायक जनता पार्टी के युवा प्रदेशाध्यक्ष आजकल चर्चा में बने हुए हैं। चर्चा है वादों को निभाने की, मंच पर की गई घोषणाओं को पूरा करने की और कही बातों को जिम्मेदारी के साथ निभाने की। चाहे गौशालाओं में सेड बनवाने की घोषणाएं हो या डीजिटल लाइब्रेरी का निर्माण या फिर कम्प्यूटर लाईब्रेरी को कम्प्यूटर देने की, युवा खिलाड़ियों को क्रिकेट किट देने का वादा हो चाहे कब्बड्डी प्रतियोगिता को आर्थिक रूप से घोषणा दिग्विजय चौटाला द्वारा सब चंद दिनों में पूरी की जाती है। इसी कड़ी में जननायक जनता पार्टी के युवा प्रदेश अध्यक्ष दिग्विजय सिंह चौटाला ने कुछ दिनों पहले तो शाम क्षेत्र के गांव ढाणी माहू में जनसभा के दौरान गांव की लाइब्रेरी में दो कंप्यूटर देने की घोषणा की थी। यह घोषणा पूरी करते हुए दिग्विजय सिंह चौटाला ने गांव ढाणी माहू में कंप्यूटर भेज दिए हैं, जिसकी गांव ढाणी माहू के सरपंच रणवीर सिंह, जजपा के युवा प्रदेश उपाध्यक्ष सोमवीर ढाणी माहू, ग्रामीण मोनू बड़सर, सोमवीर, अजीत, सुरेश वर्मा, दीपक आदि बखूबी सराहना करते हुए दिग्विजय सिंह चौटाला का आभार व्यक्त कर रहे हैं।

---

# जिन उपभोक्ताओं को सिलेंडर दिए जाने हैं उनकी सूची पहले दिन या रात को लगाएं

■ संबंधित एसडीएम के साथ तैनात किए अन्य अधिकारी

■ प्रतिदिन चस्पा होगी सिलेंडर वितरण उपभोक्ताओं की सूची

हरिभूमि न्यूज ▶▶ चरखी दादरी



दादरी में रसोई गैस सिलेंडर की कालाबाजारी रोकने की कवायद शुरू हो गई है । उपायुक्त ने मीटिंग लेकर जरुरी निर्देश दिए है ।

जिला में गैस सिलेंडर की कोई कमी नहीं है। ऐसे में किसी को भी अफवाहों के कारण अफरा तफरी करने की आवश्यकता नहीं है। लोगों की सुविधा को देखते हुए उपायुक्त डॉ मुनीश नागपाल ने जिला की सभी आठ एजेंसियों पर निगरानी के लिए अधिकारी भी नियुक्त कर दिए हैं। साथ ही संबंधित एसडीएम को अपने क्षेत्र का नोडल अधिकारी लगाया है। शुक्रवार को उपायुक्त ने संबंधित अधिकारियों और सभी एजेंसी के प्रतिनिधियों के साथ बैठक कर जरूरी दिशा निर्देश दिए।

उपायुक्त ने कहा कि सभी एजेंसी उनके यहां उपलब्ध स्टॉक की पूर्ण जानकारी अपने परिसर के बाहर चस्पा करे और साथ ही जिन उपभोक्ताओं को अगले दिन सिलेंडर दिए जाने हैं उनकी सूची भी पहले दिन रात को या अल सुबह बाहर लगा दें। इससे एजेंसी के बाहर भीड़ नहीं होगी और लोगों को पता चल जाएगा कि सिलेंडर किसको मिलना है। उन्होंने स्पष्ट किया कि हाल ही में सिलेंडर बुकिंग को लेकर सरकार द्वारा नियमों में किए गए बदलाव का प्रत्येक एजेंसी को पालन करना है।

---

## न्यूज डायरी



चरखी दादरी। उपायुक्त को स्मृति चिन्ह देते आयोजक। फोटो :हरिभूमि

### विधार्थियों को प्राथमिक उपचार का प्रशिक्षण दिया

**चरखी दादरी।** जनता महाविद्यालय में रेडक्रॉस सोसायटी द्वारा पांच दिवसीय यूथ रेड क्रॉस कैम्प का समापन समारोह बड़े उत्साह के साथ आयोजित किया गया। इस कैम्प का उद्देश्य युवाओं में सेवा, अनुशासन और सामाजिक जिम्मेदारी की भावना विकसित करना रहा। विधार्थियों को प्राथमिक उपचार, आपदा प्रबंधन, स्वच्छता अभियान, रक्तदान जागरूकता, पर्यावरण संरक्षण तथा सामाजिक सेवा से जुड़ी विभिन्न गतिविधियों का प्रशिक्षण दिया गया। इसके अलावा योग, खेलकूद और सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी आयोजन किया गया। समापन समारोह में जिले के उपायुक्त डॉ. मुनीश नागपाल मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उपायुक्त डॉ नागपाल ने विधार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि यूथ रेड क्रॉस जैसे शिविर युवाओं के व्यक्तित्व विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने कहा कि प्राथमिक उपचार, आपदा प्रबंधन, स्वास्थ्य एवं संकट के समय व्यवहारिक योगदान अत्यंत आवश्यक है।



चरखी दादरी। उपायुक्त को स्मृति चिन्ह देते आयोजक। फोटो :हरिभूमि

### शिक्षकों का समय-समय पर प्रशिक्षण आवश्यक : फौगाट

**चरखी दादरी।** बिरोहड़ स्थित एचडी स्कूल में सीबीएसई के तत्वावधान में क्लासरुम मैनेजमेंट विषय पर इन-हाउस प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण का उद्देश्य शिक्षकों को आधुनिक शिक्षण तकनीकों एवं प्रभावी कक्षा प्रबंधन के कौशल से सशक्त बनाना था। कार्यक्रम में सीबीएसई के रिसोर्स पर्सन अमित दहिया ने मुख्य वक्ता के रूप में भाग लिया। उन्होंने शिक्षकों को कक्षा में अनुशासन बनाए रखने, विद्यार्थियों की सहभागिता बढ़ाने तथा सकारात्मक शिक्षण वातावरण तैयार करने के महत्वपूर्ण पहलुओं पर विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने विभिन्न गतिविधियों और उदाहरणों के माध्यम से शिक्षकों को व्यवहारिक ज्ञान भी प्रदान किया। विद्यालय की प्राचार्या नमिता दास ने प्रशिक्षण के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम शिक्षकों के कौशल विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं और छात्रों के समग्र विकास में सहायक होते हैं। विद्यालय निदेशक बलराज फौगाट ने इस अवसर पर अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में निरंतर बदलाव हो रहे हैं, इसलिए शिक्षकों का समय-समय पर प्रशिक्षण अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने सभी शिक्षकों को इस प्रशिक्षण से प्राप्त ज्ञान को अपने शिक्षण कार्य में लागू करने के लिए प्रेरित किया।

---

## चैंपियनशिप में देशभर के सिविल सर्विसेज ने भाग लिया

# आर्टिस्टिक सिंगल योग चैंपियनशिप में जीता स्वर्ण पदक

*मुकेश शर्मा राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर पर जीत चुके पदक*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिवानी

चंडीगढ़ में 17 मार्च से ऑल इंडिया सिविल सर्विसेज योगासन महिला एवं पुरूष चैंपियनशिप चल रही हैं। स्पोर्टस डिपार्टमेंट चंडीगढ़ द्वारा करवाई गई योगासन चैंपियनशिप 17 मार्च से 21 मार्च तक स्पोर्टस कॉम्प्लेक्स टेबल टेनिस हॉल चलेंगी। योगासन चैंपियनशिप में हरियाणा की टीम में भिवानी जिले के गांव मिताथल निवासी मुकेश शर्मा ने आर्टिस्टिक सिंगल योग चैंपियनशिप में अपनी प्रतिभा का बेहतरीन प्रदर्शन किया और अपने प्रतिद्वंद्वियों को मात देते हुए चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक प्राप्त किया। 17 मार्च से 21 मार्च तक स्पोर्टस डिपार्टमेंट चंडीगढ़ द्वारा ऑल इंडिया सिविल सर्विसेज योगासन महिला एवं पुरूष चैंपियनशिप करवाई जा रही हैं। चंडीगढ़ के स्पोर्टस कॉम्प्लेक्स टेबल टेनिस हॉल में चैंपियनशिप में देशभर के सिविल सर्विसेज ने भाग लिया। चैंपियनशिप में हरियाणा की टीम में भिवानी जिले के गांव मिताथल निवासी मुकेश शर्मा ने आर्टिस्टिक सिंगल योग चैंपियनशिप में अपने प्रतिद्वंद्वियों को शिकस्त दी।



भिवानी। ऑल इंडिया सिविल सर्विसेज योगासन महिला एवं पुरूष चैंपियनशिप में योग प्रदर्शन करते सीनियर रिसर्च ऑफिसर मुकेश शर्मा। फोटो :हरिभूमि

### जिले का नाम रोशन किया

*मुकेश शर्मा जयभगवान शर्मा मिताथल के पुत्र हैं, जो वित विभाग हरियाणा में सीनियर रिसर्च ऑफिसर के पद पर चंडीगढ़ सचिवालय में कार्यरत हैं। मुकेश शर्मा राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहले भी अनेक मेडल प्राप्त कर चुके हैं। टीम में मुकेश शर्मा व सुनील शर्मा ने आर्टिस्टिक पेयर योग चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक हासिल किया है। इन्होंने पिछले तीन वर्षों से ऑल इंडिया सिविल सर्विसेज योगासन प्रतियोगिता में गोल्ड मेडल प्राप्त करके हैट्रिक लगाई हैं और उन्होंने हरियाणा के साथ-साथ भिवानी जिले का नाम रोशन किया है।*

## खबर संक्षेप

### रक्तदान शिविर की तैयारी को लेकर बैठक

**भिवानी।** देश की आजादी के लिए अपने प्राणों की आहुति देने वाले अमर शहीदों की स्मृति में प्रजापति जागृति मंच द्वारा द्वितीय विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया जा रहा है। शिविर आगामी 22 मार्च रविवार को दिनोद गेट स्थित चेतराम प्रजापति धर्मशाला में होगा। आयोजन की तैयारियों को लेकर शुक्रवार को मंच के पदाधिकारियों की महत्वपूर्ण बैठक हुई, जिसमें आयोजन की रूपरेखा तैयार की गई। बैठक की अध्यक्षता जयभगवान ठेकेदार की। मंच अध्यक्ष शिवकुमार प्रजापति ने बताया कि रक्तदान से बड़ा कोई दान नहीं है।

### सीनियर सिटीजन क्लब में लगाए पक्षियों के बसेरे

**भिवानी।** पर्यावरण संरक्षण की दिशा में केवल पौधरोपण ही काफी नहीं, बल्कि पारिस्थितिक तंत्र को बनाए रखने में कीट-पतंगों और पशु-पक्षियों की भूमिका इंसानों से कहीं अधिक महत्वपूर्ण है। इसी सोच के साथ भिवानी पर्यावरण शुद्धिकरण समिति ने शुक्रवार को सेक्टर-13 स्थित सीनियर सिटीजन क्लब में विशेष अभियान चलाया। कार्यक्रम के दौरान समिति के सदस्यों ने क्लब परिसर में पक्षियों के लिए घोंसले, दाना-पानी के पात्र और टीन के शेड लगाए। साथ ही परिसर को हरा-भरा बनाने के लिए विभिन्न प्रकार के पौधे भी रोपित किए। समिति की सबसे बड़ी विशेषता है कि वे पर्यावरण सुधार के लिए महंगे उपकरणों के बजाय वेस्ट टू बेस्ट तकनीक का सहारा ले रहे हैं।

### चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों का प्रशिक्षण संपन्न

**बवानीखेड़ा।** जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान भिवानी द्वारा राजकीय कन्या वमावि, लोहड़ में आयोजित चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों का प्रशिक्षण कार्यक्रम संपन्न हो गया। भिवानी जिले के सभी सात ब्लॉकों से आए 220 प्रतिभागियों ने इस प्रशिक्षण में सक्रिय भागीदारी निभाई। प्रतिभागियों को कंडक्ट रूल, स्वच्छता, स्कूल रिकॉर्ड प्रबंधन, पोस्को एक्ट ,पोश एक्ट तथा फर्स्ट एड जैसे व्यावहारिक विषयों पर पांच दिनों तक विशेषज्ञों ने सत्रों के माध्यम से प्रशिक्षित किया गया।

### कार्यशाला में महत्वपूर्ण शैक्षणिक सत्र आयोजित

**भिवानी।** उच्च शिक्षण संस्थानों में राष्ट्रीय शिक्षा नीति -2020 के क्रियान्वयन की रणनीतियाँ के चौथे दिन महत्वपूर्ण शैक्षणिक सत्र आयोजित किए गए। प्रथम सत्र में प्रो. मंजुला चौधरी ने "समग्र शिक्षा: भविष्य के लिए एनईपी का दृष्टिकोण" पर व्याख्यान दिया। उन्होंने औद्योगिक विकास के विभिन्न चरणों से लेकर सोसाइटी 5.0 की अवधारणा तक के विकास को रेखांकित करते हुए समग्र शिक्षा की आवश्यकता पर बल दिया।

### अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना होगा विधिक सेवाओं को

**भिवानी।** जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण भिवानी द्वारा आमजन तक कानूनी सेवाओं की प्रभावी पहुंच सुनिश्चित करने के उद्देश्य से महत्वपूर्ण कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला की अध्यक्षता सीजेएम-कम-सचिव पवन कुमार ने की। सीजेएम पवन कुमार ने कहा कि इस प्रकार की कार्यशालाओं का मुख्य उद्देश्य विधिक सेवाओं को समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना है। उन्होंने कहा कि योजनाओं की सही जानकारी होने से ही कार्यकर्ता जरूरतमंद लोगों को प्रभावी सहायता प्रदान कर सकते हैं।

### कक्षा-1 प्रवेश के लिए पंजीकरण शुरू

**भिवानी।** केंद्रीय विद्यालय पालुवास, भिवानी में शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए कक्षा-1 में प्रवेश हेतु ऑनलाइन पंजीकरण प्रक्रिया शुरू हो गई है। इच्छुक अभिभावक 20 मार्च से 2 अप्रैल 2026 तक एडमिशन. केवीएस.जीओवी.इन पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय प्राचार्य ने कहा कि आवेदन करने से पहले अभिभावकों प्रवेश मार्गदर्शिका का अवलोकन कर लें।

---

गांव खरक के पूर्व सैनिकों ने पेश की मिसाल

# समाज की एकजुटता से हुआ विक्रम उदय, ग्रामीणों ने सहयोग से 30 लाख की लागत से स्थापित करवाई महाराजा विक्रमादित्य की प्रतिमा

## इस विशालकाय परियोजना को मात्र चार महीनों के रिकॉर्ड समय में पूरा किया

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिवानी

गांव खरक आज एक नई इबारत लिख चुका है। यहां की मिट्टी से निकले पूर्व सैनिकों ने वह कर दिखाया है जो अक्सर बड़ी सरकारें और संस्थाएं वर्षों तक नहीं कर पातीं। गांव के परमार खाप के पूर्व सैनिकों ने अपनी मेहनत और जज्बे से 30 लाख रुपये की लागत से महाराजा वीर विक्रमादित्य की एक भव्य प्रतिमा स्थापित की है। जब इस प्रतिमा का अनावरण हुआ तो यह केवल एक पत्थर की मूरत नहीं, बल्कि आत्मनिर्भर समाज और एकता का जीता-जागता प्रमाण बन गई। इस पूरे प्रोजेक्ट की सबसे बड़ी विशेषता इसका स्वावलंबन रहा।

### नहीं फैलाए किसी के सामने हाथ

पूर्व सैनिक विनोद पहलवान खरक ने इस उपलब्धि पर गर्व जताते हुए कहा कि ग्रामीणों ने तय किया था कि इस नेक कार्य के लिए हम किसी राजनीतिक दल या किसी नेता के सामने हाथ नहीं फैलाएंगे। यह प्रतिमा हमारे गौरवशाली इतिहास का प्रतीक है और हम चाहते थे कि इसमें केवल समाज का पसीना और सहयोग लगे। आज जब यह प्रतिमा खड़ी है, तो यह हर उस ग्रामीण की है जिसने इसमें एक ईंट भी लगाई है। हमने राजनीति को इस पावन कार्य से कोसों दूर रखा है। हैरानी की बात यह है कि इस विशालकाय परियोजना को मात्र चार महीनों के रिकॉर्ड समय में पूरा किया गया।


भिवानी। कार्यक्रम में सम्मानित करते हुए। फोटो: हरिभूमि

### विक्रमादित्य को किसी जाति या धर्म के चश्मे से देखना गलत

विनोद पहलवान ने बताया कि अन्य गांवों में हो रहे सामाजिक कार्यों को देख खरक के पूर्व सैनिकों ने एक संस्था बनाई। देखते ही देखते कारवां बनता गया और डा. रविंद्र उर्फ भालू व कर्नल समय सिंह जैसे दानवीरों के बड़े सहयोग से यह सपना हकीकत में बदल गया। उन्होंने कहा कि विक्रमादित्य को किसी जाति या धर्म के चश्मे से देखना गलत है। उन्होंने कहा कि विक्रम संवत पूरे भारत की साझा विरासत है। उन्होंने कहा कि विक्रमादित्य न्याय और वीरता के प्रतिमान थे। आज की पीढ़ी को उनके पदचिह्नों पर चलने की जरूरत है ताकि समाज में एकता बनी रहे। गौरतलब होगा कि खरक गांव के पूर्व सैनिकों ने यह साबित कर दिया है कि अगर समाज ठान ले, तो वह अपने नायकों का सम्मान करने के लिए किसी सरकारी बजट का मोहताज नहीं है।

---

## मंडियों में फसल की सरकारी खरीद प्रक्रिया को बनाया जाए सरल: कामरेड

# मांगों को लेकर अखिल भारतीय किसान सभा ने किया प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिवानी

अखिल भारतीय किसान सभा भिवानी के पदाधिकारियों ने शुक्रवार को उपायुक्त कार्यालय के सामने प्रदर्शन करके हाल ही में राज्य सरकार द्वारा सरसों गेहूं की सरकारी खरीद प्रक्रिया सरल बनाए जाने, की मांग को लेकर उपायुक्त के माध्यम से मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन भेजा।

**बारिश से फसलों में हुए नुकसान की स्पशेल गिरदावरी करवाकर मुआवजा देने की मांग**

दूसरी ओर मांग की गई कि हाल ही में बेमौशमी बारिश व तेज हवाओं से जिले में सरसों, गेहूं व अन्य फसलों को नुकसान पहुंचा है, उनकी विशेष गिरदावरी करवाई जाए तथा फसल क्षति पूर्ति पोर्टेल को शीघ्र खुलवाया जाए तथा किसानों को न्यायोचित मुआवजा दिलाया जाए।

उपायुक्त की ओर से ज्ञापन उपमंडल नागरिक अधिकारी महेश कुमार को दिया गया। इस मौके पर अखिल भारतीय किसान सभा जिला भिवानी के प्रधान रामफल देशवाल, उपप्रधान कामरेड ओमप्रकाश, ब्लाक भिवानी प्रधान संतोष देशवाल व ब्लाक सचिव करतार ग्रेवाल ने बताया कि मंडी में फसल बेचने जो किसान आएगा, उसके वाहन का रजिस्ट्रेशन, फोटो व कम्प्यूटर पर उसके अंगूठे का मिलान आवश्यक कर दिया गया है और फिर ओपीटी आने पर ही गेट पास कटेगा, इसके लिए पर्याप्त स्टाफ चाहिए और कई किसानों के पास अपना वाहन नहीं होता, उसके लिए अपनी फसल बेचना मुश्किल हो जाएगा। सरकार का यह मनमाना निर्णय किसानों को फसल बेचने के लिए परेशान करेगा।


भिवानी। मांगों को लेकर एसडीएम को ज्ञापन सौंपते हुए। फोटो: हरिभूमि

### किसानों को नहीं मिल पाया मुआवजा

उन्होंने कहा भिवानी जिले में तीन दर्जन गावं में जलभराव/ बाढ से हुए नुकसान का अभी तक मुआवजा नहीं दिया है। इस बारे में कई बार किसानों ने सरकार से मुआवजें की मांग की,लेकिन आज तक उनको मुआवजें के ना पर एक फुटी कौड़ी तक नहीं दी है। जिसको लेकर किसानों में जबरदस्त रोष व्याप्त है। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार किसान की बिक्री को उसके खाते में डालकर उसकी आमदनी मानकर कल्याण कारी योजनाओं में कटौती कर रही है, जबकि फसल बिक्री उसकी पूरी आमदनी नहीं है।


तोशाम। बेमौसम बारिश व ओलावृष्टी से प्रभावित फसलों का निरीक्षण करते हुए।

### ओलावृष्टि से फसलें तबाह

- कांग्रेस ग्रामीणा जिला अध्यक्ष अनिरुद्ध चौधरी ने किया विभिन्न गांवों का दौरा, मुआवजे की मांग

**तोशाम।** जिल में हुई बेमौसम बरसात और भारी ओलावृष्टि ने किसानों की कमर तोड़ दी है। खेतों में खड़ी और कटी हुई फसलें पूरी तरह बर्बाद हो चुकी हैं। इसी जमीनी हकीकत का जायजा लेने के लिए कांग्रेस के ग्रामीण जिला अध्यक्ष अनिरुद्ध चौधरी ने शुक्रवार को प्रभावित गांवों का दौरा किया। अनिरुद्ध चौधरी ने गांव अलखपुरा व भारीवास सहित आसपास के कई अन्य गांवों में पहुंचकर किसानों से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने ओलावृष्टि से बिछी हुई फसलों को देखा और किसानों की व्यथा सुनी। इस दौरान अनिरुद्ध चौधरी ने कहा कि किसान पहले ही कर्ज और महंगाई की मार झेल रहा है, ऊपर से कुदरत के इस कहर ने रही-सही कसर पूरी कर दी है। उन्होंने कहा कि बरसात व ओलावृष्टि से फसलें पूरी तरह जमीन पर बिछ गई हैं।

---


बहल। खंड शिक्षा अधिकारी दर्शना देवी को सम्मानित करते हुए अध्यापक संघ सदस्य।

## खंड शिक्षा अधिकारी ने की अध्यक्षता

# बैठक में नामांकन बढ़ाने के लिए प्रेरित किया

- अध्यापकों ने अभिवावकों को सुविधाओं के बारे में बताया

हरिभूमि न्यूज ⏭ बहल

खंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय में बहल खंड के सभी विद्यालयों के अध्यापकों की मीटिंग का आयोजन हुआ। मीटिंग में अध्यापकों को अपने अपने विद्यालयों में विद्यार्थियों के नामांकन बढ़ाने के लिए प्रेरित किया गया।

मीटिंग की अध्यक्षता खंड शिक्षा अधिकारी दर्शना देवी ने की। शुक्रवार को आयोजित मीटिंग में बीईओ दर्शना देवी ने कहा कि प्रदेश सरकार सरकारी स्कूलों में विद्यार्थियों के लिए अनेकों सुविधाओं का इजाफा कर रही है ताकि विद्यार्थियों को उपयुक्त वातातवरण में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा दी जा सकें। अध्यापक अपने अपने स्तर पर अभिवावकों को इन सुविधाओं के बारे में बताएं और विद्यालयों में नामांकन बढ़ाए। मीटिंग के बाद बीईओ दर्शना देवी के साथ हरियाणा विद्यालय अध्यापक संघ के पदाधिकारियों की मीटिंग हुई। जिसमें एक कमेटी का गठन किया गया जो कि स्कूलों में जाकर नामांकन अभियान को बढ़ावा देगी और गांव में जाकर लोगों को जागरूक करेगी।

### किया सम्मानित

मीटिंग में बीईओ ने कहा कि अध्यापक अपने अपने क्षेत्र में अभिवावकों को प्रेरित करें ताकि ज्यादा से ज्यादा बच्चों को सरकारी विद्यालयों में दाखिले करवाएं। खंड शिक्षा अधिकारी दर्शना कुमारी को हरियाणा विद्यालय अध्यापक संघ के सदस्यों ने एक डायरी और कैलेंडर देकर के सम्मानित किया। मीटिंग में खंड प्रधान हरिकृष्ण पोटलिया, जिला उपप्रधान मा. अनिल श्योराण, सर्व कर्मचारी संघ प्रधान मा. संजय बुढेड़ा, मा. रामफल, विजय ओबरा आदि मौजूद रहे।

---

# ट्रक ड्राइवर पर नुकसान पहुंचाने का आरोप

- खड़ी गेहूं की फसल में पत्थर डालने, नाली, होदी, खंभे, तार आदि के आरोप लगाए

हरिभूमि न्यूज ⏭ तोशाम

खरकड़ी माखवान निवासी एक किसान ने ट्रक मालिक पर उसके खेत में खड़ी गेहूं की फसल में पत्थर डालने, नाली, होदी, खंभे, तार आदि तोड़ने का आरोप लगाते हुए ट्रक मालिक के खिलाफ पुलिस को शिकायत दी है। खरकड़ी माखवान निवासी किसान सतवीर सिंह ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि जूई रोड से धारण रोड पर हैचरी फॉर्म के साथ उसका खेत है। 4 मार्च की रात्रि उसके खेत में खड़ी गेहूं की फसल में ट्रक चालक लापरवाही पूर्ण रवैया से पत्थर डाल गया जिससे खेत में बनी पक्की नाली, होदी व तार, खंबे आदि भी टूट गए। तत्पश्चात किसान ने 5 मार्च को ट्रक मालिक से बात की तो उसने वह पत्थर उठाने की तथा खेत में हुए नुकसान का हर्जाना देने की बात कबुल की।



### फसल के नुकसान की भरपाई मांग

किसान ने आरोप लगाते हुए कहा कि जब उसने उस समय ड्राइवर से बात की तो शराब के नशे में ड्राइवर ने किसान से गाली गलौच किया। किसान ने इसकी शिकायत पुलिस को देकर पुलिस से बर्बाद हुई फसल के नुकसान की भरपाई करवाने, उसके खेत से पत्थर उठाने और जो नाली, खंबे, होदी आदि टूटी है उनकी मरम्मत करवाने की मांग करते हुए गाड़ी मालिक तथा ड्राइवर के खिलाफ कानूनी कार्रवाई करने की गुहार लगाई है।

---


# दूसरे दिन हल्की बूंदाबांदी से लुढ़का पारा

- तेज हवाओं ने बढ़ाई किसानों की हार्टबीट

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिवानी

शुक्रवार को हल्की बूंदाबांदी ने उपर चढते पारे के नखरे ढिले कर दिए। तेज हवाओं के साथ हलकी बूंदाबांदी की वजह से पारा 34 डिग्री सेल्सियस से लूढक कर 22 डिग्री सेल्सियस पर आ गया। इतना नीचे पारा आने की वजह से मौसम में ठंडक घुल गई।

दूसरी तरफ तेज हवाओं ने किसानों की चिंताए बढा दी। क्योंकि इस वक्त भूमि में नमी ज्यादा है। अगर एक बार थोडी सी हवा चली तो गेहूं जौ की फसल का जमीन पर बिछना लाजिमी है। कई जगहों पर पहले ही गेहूं की फसल जमीन पर बिछी हुई है। अब मौसम में आए एकदम बदलाव की वजह से फसलों में नुकसान होने की आशंका बन गई है। शुक्रवार सुबह जब लोग सोकर उठे तो उस वक्त आसमान में काले बादल छाए हुए थे। धीमी गति से हवा चल रही थी और हलकी बूंदाबांदी भी थी। थोड़ा सा दिन उपर चढा तो हवा ने भी गति पकड़ी। हवा के हिसाब से फसलें जमीन पर गिरने लगी। कई जगहों पर तो फसलों का पूरी तरह से बिछौना हो गया। कुछ जगहों पर फसलें कम बिछी है। यहां यह बताते चले कि अगर फसल जमीन पर बिछ जाए तो उस फसल के दानों का पोषण खतम सा हो जाएगा। जिससे फसल की औसतन पैदावार में बहुत ज्यादा कमी आएगी।


भिवानी। सुबह बूंदाबांदी के बीच गंतव्य तक जाता एक वाहन चालक।

### दूसरे दिन भी बरसे बदरा वातावरण में ठंडक घुली

**लोहारू।** लोहारू और आसपास के इलाके में दूसरे दिन भी आसमान में बादल छाय रहे और दोपहर पर रुक रुक कर झमाझम बरसात हुई। बरसात के कारण तापमान में करीब तीन से चार डिग्री की गिरावट दर्ज की गई तथा शहर के कई निचले इलाके में लोगों को कीचड़ जैसी समस्या से भी दो होना पड़ा। दो दिनों से हो रही बरसात ने किसानों की भी चिंता बढ़ा दी है। किसान का पीला सोना खेत में पककर तैयार है लेकिन मौसम परिवर्तन किसान के अरमानों पर पानी फेर सकता है। बता दें कि दूसरे दिन भी दोपहर बाद लोहारू और आसपास के गांवों में झमाझम बरसात हुई।

---

## गर्मी में पक्षियों के लिए दाना-पानी रखने की अपील

# विश्व गौरैया दिवस पर पक्षियों के संरक्षण का संदेश

- आरोही तथा नव्या भारद्वाज ने अपने निवास स्थान पर पक्षियों के लिए पानी का सकोरा रखा

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिवानी

नेताजी सुभाष चंद्र बोस युवा जागृत सेवा समिति एवं सदाचारी शिक्षा समिति के तत्वावधान में विश्व गौरैया दिवस के अवसर पर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया। इस अवसर पर हनुमान ढाणी क्षेत्र में आयोजित कार्यक्रम में पक्षियों के संरक्षण को लेकर जागरूकता अभियान चलाया गया।

कार्यक्रम में राष्ट्रीय युवा पुरस्कार विजेता अशोक कुमार भारद्वाज, हर घर हरियाली थीम 2026 की ब्रांड एंबेसडर आरोही तथा नव्या भारद्वाज ने अपने निवास स्थान पर पक्षियों के लिए पानी का सकोरा रखा। उन्होंने इस पहल के माध्यम से आमजन को प्रेरित करते हुए कहा कि मार्च, अप्रैल, मई और जून के महीनों में भीषण गर्मी पड़ती है, जिससे बेजुबान पशु-पक्षियों को पानी और भोजन के लिए काफी संघर्ष करना पड़ता है। उन्होंने कहा कि इस प्राकृतिक संतुलन को बनाए रखने के लिए हम सभी को मिलकर प्रयास करना होगा। यदि हम गर्मी के मौसम में पक्षियों के लिए नियमित रूप से दाना-पानी की व्यवस्था करें, तो यह गौरैया सहित अन्य पक्षियों के संरक्षण में महत्वपूर्ण योगदान साबित होगा।


भिवानी। पक्षियों के लिए सकोरे में पानी डालते हुए। फोटो: हरिभूमि

### दाना और पानी की व्यवस्था अवश्य करें

*उन्होंने लोगों से अपील की कि वे अपने घरों की छत, आंगन या बाहर किसी सुरक्षित स्थान पर दाना और पानी की व्यवस्था अवश्य करें, ताकि पक्षियों को राहत मिल सके। वक्ताओं ने कहा कि यह एक छोटी-सी पहल है, लेकिन इसका प्रभाव बहुत बड़ा हो सकता है और इससे हजारों पक्षियों का जीवन बचाया जा सकता है। अशोक कुमार भारद्वाज ने बताया कि कोविड-19 के बाद पर्यावरण में काफी सुधार देखने को मिला है, जिसके चलते गौरैया पक्षी फिर से अपने अस्तित्व में लौटती दिखाई दे रही है। पहले जहां गौरैया की चहचहाहट कम हो गई थी, वहीं अब लोगों के घरों के आसपास फिर से चिड़ियों की मधुर आवाज सुनाई देने लगी है। कार्यक्रम के अंत में सभी उपस्थित लोगों ने संकल्प लिया कि वे पर्यावरण संरक्षण और पक्षियों की सुरक्षा के लिए निरंतर कार्य करते रहेंगे तथा अधिक से अधिक लोगों को इस मुहिम से जोड़ेंगे।*

### विलुप्त होती जा रही है गौरेया

**बाढड़ा।** रीकरण और बदलते परिवेश के चलते गौरैया जैसी छोटी चिड़िया धीरे-धीरे गायब होती जा रही है, वहीं क्षेत्र के समाजसेवी सतीश माँढी ने गौरैया बचाओ अभियान को अपना जुनून बना लिया है। उनके निरंतर प्रयासों के चलते आज उन्हें क्षेत्र में विशेष पहचान मिल चुकी है। सतीश माँढ़ी पिछले लंबे समय से गौरैया के संरक्षण के लिए लगातार कार्य कर रहे हैं। वे न केवल रोजाना गौरैया के लिए दाना-पानी का प्रबंध करते हैं, बल्कि उनके रहने के लिए कृत्रिम आवास भी तैयार कर घर-घर लगवा रहे हैं। अब तक वे हजारों घरों में गौरैया के लिए सुरक्षित आवास उपलब्ध करवा चुके हैं। उनका यह प्रयास केवल एक शौक नहीं, बल्कि पर्यावरण संरक्षण के प्रति उनकी गहरी जिम्मेदारी को दर्शाता है। वे प्रतिदिन पेड़-पौधे लगाकर भी पक्षियों के प्राकृतिक आवास को बढ़ावा दे रहे हैं और लोगों को भी इसके लिए प्रेरित कर रहे हैं। क्षेत्र के लोगों ने सतीश माँढ़ी के इस प्रयास की सराहना करते हुए इसे समाज के लिए प्रेरणादायक बताया है। उनका यह अभियान न केवल गौरैया के संरक्षण में मददगार साबित हो रहा है, बल्कि पर्यावरण के प्रति जागरूकता भी बढ़ा रहा विश्व गौरैया दिवस के अवसर पर अनोखी पहल विश्व गौरैया दिवस के मौके पर सतीश माँढी ने लोगों के बीच गौरैया आवास वितरित किए और उन्हें अपने घरों में लगाने के लिए जागरूक किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि यदि हर व्यक्ति अपने घर में एक छोटा सा घोंसला और पानी का बर्तन रखे,तो गौरैया की सं2या फिर से बढ़ सकती है। उन्होंने अपने जागरूकता अभियान में बताया कि गौरैया मानव सहायक पक्षी है और मानव आबादी के आस पास ही अपना घर बनाता है। पहले कच्चे घर होते थे जिसमें वे आसानी से अपना घर बना लेते थे, परंतु अब पक्के और बंद मकान होने से उन्हें रहने में परेशानी आ रही है। इसलिए अपने घरों के आस पास पेड़ पौधे लगाए और कृत्रिम आवास लगाएं ताकि वे फिर से अपना आवास बना सके। उन्होंने आमजन से अपील करते हुए कहा कि आधुनिक जीवनशैली में छोटे-छोटे बदलाव लाकर हम गौरैया को बचा सकते हैं।